# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–10 सितम्बर 2026 सान्ध्य समाचार

सर्वोच्च न्यायालय ने नाबालिगों के सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल के लिए सुरक्षा उपायों की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है।

**याचिका में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ किसी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म को अनुबंध करने से रोकने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा वी. मोहना की पीठ ने एक गैर–सरकारी संगठन की याचिका पर केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि बाल यौन शोषण संबंधी सामग्री पर रोक के लिए कड़े कानून होने के बावजूद, इंटरनेट प्लेटफॉर्म ऐसी सामग्री की स्वचालित निगरानी और उपयोगकर्ताओं की उम्र की पुष्टि की पर्याप्त व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। याचिका के अनुसार, फेसबुक और स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म 13 वर्ष की उम्र से खाते बनाने की अनुमति देते हैं, जबकि भारतीय कानून में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति नाबालिग माने जाते हैं। समाचार कक्ष से रितेश।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के पूर्व गृह मंत्री और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की एक सौ उनतालीसवीं जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लखनऊ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री श्री योगी ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

**उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश की जनता जनार्दन की ओर से मैं पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की 139वीं पावन जयंती के अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करता हूँ और विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित करता हूँ। पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी एक महान अधिवक्ता थे, स्वाधीनता संग्राम सेनानी थे। 1925 में काकोरी ट्रेन एक्शन में ब्रिटिश हुकूमत के द्वारा क्रांतिकारियों के खिलाफ जो अभियोग दर्ज हुआ था, उस अभियोग के खिलाफ क्रांतिकारियों की पैरवीध्पैरोकारी पूरी मजबूती के साथ करने वाले जो महान नेता थे, वह पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी थे।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचीस वर्षों के निरंतर सेवा काल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के पचीस वर्षों के सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों, नीतिगत सुधारों और देश–प्रदेश में आए बदलावों को जन–जन तक पहुंचाने के साथ प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ा जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रभारी मंत्रियों को जनपदों और अपनी–अपनी विधानसभाओं में जाकर तैयारियों की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

**********

उत्तर रेलवे ने वाराणसी –लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन बाइस अक्टूबर से बारह नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को संचालित होगी। हमारे जौनपुर प्रतिनिधि ने बताया कि यह ट्रेन वाराणसी से रात एक बज कर पैंतीस मिनट पर रवाना होकर रात में ही दो बज कर पैंतीस मिनट पर जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा यूपी बोर्ड के हाईस्कूल की मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव किया गया है। एक रिपोर्ट–

**बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि विज्ञान, गृह विज्ञान में आंतरिक मूल्यांकन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। बोर्ड खुद 30 नंबर की प्रैक्टिकल की परीक्षा लेगा, जबकि अन्य विषयों में पुरानी व्यवस्था लागू रहेगी। यानी मार्कशीट में ग्रेड के साथ प्रैक्टिकल के नंबर भी दिखेंगे। पहले मूल्यांकन 5 प्वाइंट स्केल ग्रेडिंग प्रणाली के आधार पर होता था, जिसे अंक पत्र में ग्रेड के रूप में दर्ज किया जाता था। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र दो हजार छब्बीस– सत्ताइस के लिए कक्षा नौ और ग्यारह के अग्रिम पंजीकरण तथा हाईस्कूल–इंटरमीडिएट के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अग्रिम पंजीकरण इस समय सीमा से पहले तेरह सितंबर निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर तीस सितंबर कर दिया गया है। इसी तरह हाईस्कूल–इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि को एक सितंबर से बढ़ाकर अट्ठाइस सितंबर किया गया है।

**********

प्रदेश में कई जिलों में रूक रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के करीब छब्बीस ज़िले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। सभी जगहों पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के अधिकतर पूर्वी और पश्चिमी जिलों में अगले दो दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है।

**********